<u>अवकाश तालिका–2026/ई–मेल</u>

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (मा0)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः शिविर/ /2025–26 दिनांक 30 दिसम्बर, 2025

**विषयः प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के लिये वर्ष 2026 की अवकाश तालिका का प्रेषण।**

**महोदय,**

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति संख्या– 671/तीन–2025–39(2)–2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा वर्ष–2026 के लिये घोषित अवकाश के आधार पर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में वर्ष 2026 के लिये अवकाश तालिका संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः अपने जनपद के स्थानीय अवकाशों को यथावश्यक समायोजित करते हुए माध्यमिक विद्यालयों की अवकाश तालिका अपने स्तर से अधीनस्थ विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नक–उक्तवत्।</u>

भवदीय,

**डॉ0 (महेन्द्र देव)**
शिक्षा निदेशक (मा0)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

<u>पृ0सं0: शिविर/ 49205 - 49327 /2025–26 तद्दिनांक।</u>

**प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों को अवकाश तालिका की प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/राजकीय/बेसिक/पत्राचार), शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0, प्रयागराज।
5. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक(मा0), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
6. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, मेरठ व गोरखपुर।

**डॉ0 (महेन्द्र देव)**
शिक्षा निदेशक (मा0)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

# माध्यमिक विद्यालयों हेतु अवकाश तालिका
# 01 जनवरी, 2026 से 31 दिसम्बर, 2026 तक

| क्र0सं0 | दिनांक | माह | दिवस | अवकाश का नाम | अवकाश की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | जनवरी | शनिवार | *हजरत अली का जन्म दिवस | 01 |
| 2 | 14 | जनवरी | बुधवार | मकर संक्रान्ति | 01 |
| 3 | 23 | जनवरी | शुक्रवार | बसन्त पंचमी | 01 |
| 4 | 26 | जनवरी | सोमवार | गणतंत्र दिवस | 01 |
| 5 | 01 | फरवरी | रविवार | संत रविदास जयन्ती | 01 |
| 6 | 15 | फरवरी | रविवार | महाशिवरात्रि | 01 |
| 7 | 02 | मार्च | सोमवार | होलिका दहन | 01 |
| 8 | 04 | मार्च | बुधवार | होली | 01 |
| 9 | 21 | मार्च | शनिवार | *ईद–उल–फितर | 01 |
| 10 | 26 | मार्च | गुरूवार | रामनवमी | 01 |
| 11 | 31 | मार्च | मंगलवार | महावीर जयन्ती | 01 |
| 12 | 03 | अप्रैल | शुक्रवार | गुड फ्राइडे | 01 |
| 13 | 06 | अप्रैल | सोमवार | ईस्टर–मंडे | 01 |
| 14 | 14 | अप्रैल | मंगलवार | डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस | 01 |
| 15 | 01 | मई | शुक्रवार | बुध पूर्णिमा | 01 |
| दिनांक 21 मई से 30 जून, 2026 तक ग्रीष्मावकाश (27 मई, 2026, बुधवार को *ईदुज्जुहा (बकरीद) एवं दिनांक 26 जून, 2026, गुरूवार को *मोहर्रम का अवकाश सम्मिलित) | | | | | |
| 16 | 04 | अगस्त | मंगलवार | *चेहल्लुम | 01 |
| 17 | 15 | अगस्त | शनिवार | स्वतंत्रता दिवस | 01 |
| 18 | 26 | अगस्त | बुधवार | *ईद–ए–मिलाद/बारावफात | 01 |
| 19 | 28 | अगस्त | शुक्रवार | रक्षा बन्धन | 01 |
| 20 | 04 | सितम्बर | शुक्रवार | जन्माष्टमी | 01 |
| 21 | 17 | सितम्बर | गुरूवार | विश्वकर्मा पूजा | 01 |
| 22 | 02 | अक्टूबर | शुक्रवार | महात्मा गाँधी जयन्ती | 01 |
| 23 | 20 | अक्टूबर | मंगलवार | दशहरा महानवमी/विजयदशमी | 01 |
| 24 | 08 | नवम्बर | रविवार | नरक चतुर्दशी/दीपावली | 01 |
| 25 | 09 | नवम्बर | सोमवार | गोवर्द्धन पूजा | 01 |
| 26 | 11 | नवम्बर | बुधवार | भैयादूज/चित्रगुप्त जयन्ती | 01 |
| 27 | 24 | नवम्बर | मंगलवार | गुरू नानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा/ गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस | 01 |

| क्र0सं0 | दिनांक | माह | दिवस | अवकाश का नाम | अवकाश की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 25 | दिसम्बर | शुक्रवार | क्रिसमस–डे | 01 |

| | | |
|---|---|---|
| अवकाश/रविवार/ग्रीष्मावकाश दिवस | – | 112 |
| बोर्ड परीक्षा दिवस | – | 15 |
| कार्य दिवस/शिक्षण दिवस | – | 238 |
| योग | – | 365 |

नोटः–

1) विशेष परिस्थिति में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक के विवेकाधीन 03 दिन का अवकाश रहेगा, जिसकी सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने के साथ ही संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाना अनिवार्य है।

2) *मुस्लिम त्योहार स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार होंगे।

3) प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत विवाहित महिलाओं के लिए करवा चौथ का अवकाश होगा।

4) क्षेत्र विशेष में हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज, संकठा चतुर्थी, हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत्त/अहोई अष्टमी हेतु व्रत रखने वाली कार्यरत महिला शिक्षिकाओं को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा कोई दो अवकाश अनुमन्य किया जायेगा।

5) शोक सभाएँ केवल विद्यालयों में कार्यरत अध्यापको, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्रा के निधन पर ही होगी। विशेष परिस्थिति में शोक सभाएँ अन्तिम वादन में की जायेगी।

6) स्थानीय अवकाश जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अवकाश तालिका के अनुसार देय होंगे।

7) राष्ट्रीय पर्वों पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

8) महापुरुषों के साथ–साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्ध समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवसों पर विद्यालयों में कम से कम एक घण्टे गोष्ठी/सेमिनार आदि आयोजित कर समाज व राष्ट्र को दिशा देने वाले उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा उनके जीवन से सम्बद्ध प्रेरक घटनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जायेगा और यदि उस दिन रविवार या किसी अन्य कारण से अवकाश होगा तो उसके एक दिन पूर्व सम्बन्धित महापुरुष के सम्बन्ध में उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

डॉ0 (महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक (माध्यमिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ